प्रेस विज्ञप्ति

04 फरवरी 2020 : आज कैंसर दिवस के अवसर पर गोरखनाथ ब्लड बैंक में कैंसर से जागरूक होने के बिषय पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने बताया की दुनिया में तेजी से पैर पसारने वाली बीमारी है कैंसर, जो शरीर के किसी भी अंग में किसी भी रूप में फैल सकती है। यह एक गंभीर बीमारी है जिससे दुनिया भर में मौत का ग्रास बनने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कैंसर से बचाव और उसके प्रति जागरूकता ही सही तरीका है कैंसर से लड़ने का।

इस दिवस पर ब्लड बैंक में स्व रक्तदाताओ ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया रक्त दान करने वाले रक्त दाता अनवरत रक्त दान कर खुद भी कैंसर से काफी हद तक बचे रहते है। कैंसर से लड़ने में स्वरक्तदाताओ द्वारा किया गया रक्त दान कैंसर के मरीजो के लिए संजीवनी का कम करता है।गोरखपुर और आस पास के क्षेत्र में कैंसर से पीड़ित मरीजो को गोरखनाथ ब्लड बैंक रक्त दाता उपलब्ध नहीं रहने पर हर सम्भव मदद करता है।